Fax.: (05452) 252244, 252344
Web.: www.vbspu.ac.in

वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

पत्रांक: पू.वि.वि. / सम्बद्धता / 2026 / 7880 दिनांक : 21.05.2026

प्रेषक:–

अनुस्मारक–1

कुलसचिव,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय,
जौनपुर।

सेवा में,

प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध राजकीय तथा अनुदानित महाविद्यालय,
वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर।

विषयः विश्वविद्यालय से सम्बद्ध राजकीय तथा अनुदानित महाविद्यालयों में कार्यरत प्राचार्य / प्रवक्ताओं की वरिष्ठता सूची अद्यतन किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–पू0वि0वि0 / सम्बद्धता / 2026 / 7487 दिनांक 15.04.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा महाविद्यालय में कार्यरत / नियुक्त प्राचार्य / प्राध्यापकों के वरिष्ठता निर्धारण के सम्बन्ध में वरिष्ठता समिति द्वारा 02 बिन्दुओं पर पत्रजात / अभिलेख उपलब्ध कराने की संस्तुति की गयी थी जो निम्नवत् है :–

1. महाविद्यालय स्नातक अथवा स्नातकोत्तर स्तर पर संचालित होने का उल्लेख करते हुए महाविद्यालय में नियुक्त प्राचार्या / प्राचार्य को उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा निर्गत आदेश की छायाप्रति उपलब्ध करायें।
2. महाविद्यालय में मानदेय से आमेलित शिक्षकों के आमेलन / नियुक्ति का प्रमाण उपलब्ध करायें।

किन्तु अधिकांश महाविद्यालय द्वारा अभी तक उपरोक्त बिन्दुओं पर पत्रजात / अभिलेख उपलब्ध नहीं कराये गये है जिससे वरिष्ठता का निर्धारण किया जाना संभव नहीं हो पा रहा है।

अतः आपसे पुनः अपेक्षा की जाती है कि महाविद्यालय में कार्यरत प्राचार्य / प्रवक्ताओं सम्बन्धी अभिलेख अधोहस्ताक्षरी कार्यालय को 03 कार्यदिवस के अन्दर उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे प्रश्नगत प्रकरण को वरिष्ठता समिति के समक्ष प्रस्तुत कर अद्यतन वरिष्ठता का निर्धारण किया जा सके।

भवदीय,

/

कुलसचिव

प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ।

1. निजी सचिव कुलपति, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. वेबमास्टर का इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।

कुलसचिव